खातेदारान दर्ज किया है एवं व्यवसायिक भूखण्ड का अवार्ड व्यवसायिक डी.एल.सी. दर 11,413/– रूपये प्रतिवर्गमीटर की दर से अन्य हितधारी व्यक्तियों के साथ सामूहिक अवार्ड कुल रू. 1,97,95,393/– (एक करोड़ सतानवें लाख पिचानवें हजार तीन सौ तिरानवें) का पारित किया गया था। जबकि धारा 3ए की अधिसूचना के समय प्रार्थीगणों के भूखण्ड की व्यवसायिक डी.एल.सी. दर 31,625/– रूपये प्रतिवर्गमीटर थी।

(iii) धारा 3ए की अधिसूचना के बाद से प्रार्थीगण का व्यापार कम्पलीट रूप से प्रभावित हो गया। प्रार्थी की उक्त व्यवसायिक उपयोग का भूखण्ड एकल कब्जे नियन्त्रण एवं स्वामित्व की है। प्रार्थीगण के उक्त भूखण्ड से अवाप्तशुदा सड़क एन.एच. 11 की निर्धारित सड़क सीमा छोड़कर अवस्थित है। अब प्रार्थीगण के पास व्यवसाय कर अपने परिवार की आजीविका चलाने के लिए व्यवसायिक भूखण्ड प्रभावित हो गया है। इसलिए प्रार्थीगण को व्यापार का भंयकर नुकसान होगा। जिसको भी अवार्ड में शामिल किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है। प्रार्थीगण के उक्त व्यावसायिक उपयोग की भूमि की भौगोलिक स्थिति ऐसे महत्वपूर्ण सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त भारतवर्ष में सुप्रसिद्ध स्थान भैंरूजी मोड़ पर स्थित है, जहां पर प्रार्थीगण की यह व्यवसायिक उपयोग की अवाप्तशुदा भूमि अवस्थित है। जिसका प्रार्थीगण को बिना मुआवजा अदा किये ही गैर मुमकिन सड़क भूतल मंत्रालय के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर दी गई है।

(iv) अतः प्रार्थना है कि प्रार्थीगणों का आवेदन स्वीकार फरमाकर अवार्ड दिनांक 23.03.2011 को संशोधित कर प्रार्थीगणों की अवाप्तशुदा भूमि की पुनः मौके पर नाप जौख, सर्वेक्षण करवाकर नये के सिरे से अवाप्ति की प्रकिया कर भूमि अर्जन पुर्नवासन, पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और प्रादर्शिता का अधिनियम 2013 एंव इसकी प्रथम व द्वितीय अनुसूची के मुताबिक बाजार में प्रचलित दर से अवार्ड पारित करवाकर मय 24 प्रतिशत ब्याज दर से मुआवजा दिलवाये जाने के आदेश फरमाने की कृपा करें। तब तक प्रार्थीगण को बेदखल नहीं करने के लिए अप्रार्थीगण को पाबंद फरमाया जावे। तादौराने सुनवाई प्रार्थीगण को अगर कोई राशि का भुगतान हो जाता है तो यह समायोजित किया जावे।

को ही सम्पन्न हो चुकी थी, जबकि नया अधिनियम 2013 दिनांक 01.01.2015 को लागू हुआ था।

(iii) सक्षम अवाप्ति अधिकारी द्वारा उक्त भूमि के अवार्ड से संबंधित जो भी प्रक्रिया अपनायी गयी है वह राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूमि की किस्म के अनुसार जो कि अवाप्ति की अधिसूचना की दिनांक 11.08.2009 के समय प्रचलित डी.एल.सी. दर के अनुसार एवं विधि के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत अवार्ड संबंधित हिताधिकारियों के हक में पारित किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3(D) के अन्तर्गत भूमि अवाप्ति की अधिसूचना में उक्त भूमि की किस्म सिवाय चक बारानी 3 दर्ज है किन्तु सक्षम प्राधिकारी ने अवार्ड जारी करने पूर्व धारा 3(G) के अन्तर्गत उक्त खसरा नं. 5271 कस्बा रींगस की अवाप्त भूमि का अवार्ड अधिसूचना में अंकित किस्म बारानी 3 के अनुसार दर्ज नहीं करके व्यावसायिक दर से जारी किया है।

(iv) यदि किसी व्यक्ति ने कृषि भूमि का उपयोग अन्य किसी प्रयोजनार्थ कर रखा था तो उनको विधि के प्रावधानों के अंतर्गत मुआवजे की दर कृषि भूमि की दर के हिसाब से ही दी जाने का राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 में प्रावधान है। अवाप्तशुदा भूमि की जो किस्म एवं खातेदारी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी उसके विपरीत व्यावसायिक मानकर विधि के प्रावधानों के विपरित मुआवजा निर्धारित किया गया है। यदि अवाप्तशुदा भूमि को बिना विधिवत रूपांतरित करवाये राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज उसकी प्रकृति के अतिरिक्त अन्य किसी प्रयोग में लाया जा रहा है तो इसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार है तथा ऐसे अवैधानिक उपयोग के आधार पर मुआवजा प्राप्त करने के अधिकारी नही है।

(v) राजमार्गो पर स्थित कृषि भूमि के अकृषि रूपांतरण हेतु इण्डियन रोड कांग्रेस (I.R.C.) के दिशा निर्देश स्पष्ट रूप से लागू होते है। इण्डियन रोड़ कांग्रेस के दिशा निर्देश अनुसार आवासीय व पेट्रोल पम्प हेतु भू–रूपांतरण सड़क के मध्य से 40 मीटर छोड़कर व व्यावसायिक प्रयोजन हेतु भू–रूपांतरण सड़क के मध्य से 75 मीटर छोड़कर ही किया जा सकता है, साथ ही केंद्र सरकार व राज्य सरकारों द्वारा उक्त संबंध में समय–समय पर दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं, जो कि

भू–संपरिवर्तन आदेशों पर स्पष्टतया लागू होते हैं। यदि भू–संपरिवर्तन आदेश उक्त दिशा निर्देशों व राज्य सरकार के आदेशों की अवज्ञा करते हुये जारी किये जाते हैं तो उक्त संपरिवर्तन आदेश इण्डियन रोड़ कांग्रेस के दिशा निर्देश अनुसार व राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांक एस.ई.(एन.एच.)पी.ए./05/डी–1603, दिनांक 24.02.2005 तथा क्रमांक प–2(8) राज/भू.रू./ग्रुप–9/02 दिनांक 20.11.2004 के अनुसार स्वमेव ही निरस्त व शून्य हो जाते हैं।

(vi) धारा–3एच(1) के तहत अवार्ड की राशि का भुगतान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी को जमा करवा दिया गया है। प्रार्थी द्वारा जो भी दृष्टांत प्रस्तुत किये गये हैं वह नवीन अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत प्रस्तुत किये गये है उक्त अवार्ड अधिसूचना दिनांक 11.08.2009 के अनुसार किया गया है। नवीन अधिनियम, 2013 दिनांक 01.01.2015 को लागू हुआ है इसलिए नवीन अधिनियम के सिद्धांत उक्त अवार्ड पर लागू नहीं होते हैं क्योंकि उक्त अवाप्त भूमि की धारा–3ए की अधिसूचना दिनांक 11.08.2009 को प्रकाशित की गई थी तथा उक्त भूमि का अवार्ड 23.03.2011 एवं संशोधित अवार्ड 21.02.2019 को पारित किया गया है। प्रार्थी द्वारा जो भी मांग की गई है वह स्वयं को अनुचित लाभ पहुंचाने बाबत की गई है, क्योकि उक्त अवार्ड पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 ही लागू होता है तथा उसी के अनुरूप अवार्ड पारित किया गया है।

(vii) अतः जवाब, प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि जवाब प्रार्थना पत्र को रिकार्ड पर लिया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मय हर्जा खर्चा खारिज किये जाने के आदेश फरमायें।

4. उभयपक्षकारान की बहस सुनी। वकील अपीलांट ने अपील मीमो में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए अभिकथन किया कि प्रार्थीगण के आराजी खसरा नम्बर 5271 भैंरूजी मोड़ कस्बा रींगस, तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राज. में व्यवसायिक दुकानों व पैट्रोल पम्प की भूमि के उपयोग में से अवाप्तशुदा रकबा 0.1536 हैक्टेयर यानि 1536 वर्गमीटर भूमि के संबंध में भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा जारी अवार्ड कस्बा रींगस के क्रमांक 01 पर अंकित किया गया है एवं भू–स्वामी हितबद्ध व्यक्तियों के नाम नगरपालिका रींगस 90बी खातेदारान दर्ज किया है एवं व्यवसायिक भूखण्ड का अवार्ड व्यवसायिक डी.एल.सी. दर

